

# बिहार विधान परिषद् दैनिक विवरणिका

संख्या- 1 सत्र- 191वां

**सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**
**सोमवार, दिनांक 11.2.2019 ई.**

**माननीय कार्यकारी सभापति श्री मो. हारूण रशीद की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।**

**11.00 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न तक**

**1. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा बिहार विधान परिषद् के 191वें सत्र के अवसर पर प्रारंभिक संबोधन**

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् के 191वें सत्र का शुभारंभ करते हुए अपने प्रारंभिक संबोधन में यह कहा कि माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल, माननीया नेता, विरोधी दल, मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय मुख्य सचेतक एवं माननीय सचेतकगण, बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण !

बिहार विधान परिषद् का 191वां सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। बिहार विधान परिषद् की माननीया नेता, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय मुख्य सचेतक, माननीय सचेतकगण तथा माननीय सदस्यगण का हार्दिक स्वागत करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के सजग प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार-छायाकार प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

बिहार विधान परिषद् के इस बजट सत्र में आज दिनांक 11 फरवरी से 20 फरवरी तक कुल 7 बैठकें होंगी। मुझे आशा है कि इस सत्र में जनता के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों एवं राज्य के विकास से जुड़े ज्यादा-से-ज्यादा विषयों को सदन के पटल पर लाया जाएगा। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे सभी माननीय सदस्य जिम्मेदार एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि हैं। आप समाज के विभिन्न क्षेत्रों से इस उच्च सदन का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्र प्राय: कई विधान सभा क्षेत्रों में व्याप्त एवं अनेक जिलों में विस्तारित होते हैं। क्षेत्र की जनता अथवा जनसमूहों की आशा-आकांक्षा आप पर टिकी होती है। आप अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं एवं विकास से संबंधित योजनाओं के मुद्दों को सदन में उठाने के लिए तत्पर रहते हैं। सदन का एक-एक क्षण बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। अतएव, मेरा आपसे खास अनुरोध होगा कि जनहित से संबंधित अधिक-से-अधिक जरूरी मुद्दों को सदन में उठाकर आप अपने बेशकीमती समय का सदुपयोग करेंगे।

हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। समाज में सकारात्मक बदलाव की चिंता उनके इस हालिया वक्तव्य में दिखती है कि बेटे की तरह बेटी पैदा होने पर जब परिवार के लोग खुश होंगे, तभी समाज बदलेगा। सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं में से बिहार मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुस्लिम तलाकशुदा महिला सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना आदि प्रमुख हैं जो माननीय मुख्यमंत्री के जन सरोकारों को प्रकट करती हैं।

सरकार ने दो साल पहले श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के 350 वें जन्म दिन को 'प्रकाश पर्व' के रूप में व्यापक पैमाने पर भव्यता से मनाया था जिसमें देश-विदेश से भारी संख्या में सिख श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। समारोह की सफलता से प्रेरित होकर माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल पर इस वर्ष पुन: 352वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया।

बिहार महात्मा बुद्ध की ज्ञानभूमि एवं तपोभूमि रहा है। विगत दिनों महात्मा बुद्ध से जुड़े पावन स्थल बोधगया में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का 'बौद्ध महोत्सव' मनाया गया जिसमें माननीय मुख्यमंत्री ने महात्मा बुद्ध के शांति एवं अमन संबंधी संदेशों को पूरे देश एवं दुनिया में फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

समाज के हर वर्ग के लोगों में नैतिकता का बल एवं कर्तव्यबोध का होना आवश्यक है। हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी की भी यह सोच है कि हम जब महात्मा गांधी जी का 150वां जयंती-वर्ष मना रहे हैं तो ऐसे में उनके विचारों को अगर हम थोड़ा-सा भी अपने जीवन में अपना लें तो समाज को एक नई दिशा मिल सकती है। इसी आशय से

उन्होंने बापू के विचारों एवं उनके द्वारा बताए गए सात सामाजिक पापों से जनमानस को रू-ब-रू कराकर इन पापों से यथासंभव दूर रहने की अपील भी की है। महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गए ये सात सामाजिक पाप हैं -- सिद्धांत के बिना राजनीति, काम के बिना धन, विवेक के बिना सुख, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार, मानवता के बिना विकास एवं त्याग के बिना पूजा। समाज में नैतिकता की भावना को बढ़ाने के ख्याल से माननीय मुख्यमंत्री जी ने इन सात सामाजिक पापों की सूची राज्य के समस्त सरकारी दफ्तरों समेत सभी स्कूल-कॉलेजों व पुलिस थानों में लिखकर दर्शाने का निर्देश दिया है।

माननीय सदस्यगण ! आप समाज के पथ-प्रदर्शक हैं। महात्मा गांधी जी द्वारा कही गई बातों को जनमानस के बीच प्रचारित एवं प्रसारित किया जाना वर्तमान समय में और भी प्रासंगिक है। अतएव उनके संदेशों पर अमल करते हुए अगर लोगों में इसका प्रचार किया जाय तो एक बेहतर समाज का निर्माण होगा।

विगत दिनों बिहार विधान मंडल के हमारे कुछ साथी तथा समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में सराहनीय भूमिका निभाने वाले विशिष्ट जननेता हमारे बीच नहीं रहे। समाज के नायकों में रहे ऐसे ही एक नायाब व्यक्ति जॉर्ज फर्नांडिस जी को भी हमने हाल ही में खोया है। मजदूरों एवं शोषितों के सच्चे हितैषी और उनकी लड़ाई लड़ने वाले इस विशिष्ट समाजवादी व्यक्ति को 'अथक विद्रोही' कहा गया।

हाल में समाज के एक और मसीहा जननायक कर्पूरी जी का जन्मदिन पूरे बिहार में समारोहपूर्वक मनाया गया। सरकार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दलीय परिधि से बिल्कुल परे रहकर जननायक कर्पूरी जी एवं जॉर्ज फर्नांडिस जी को श्रद्धापूर्वक नमन एवं स्मरण किया गया। प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरा देश इनका कृतज्ञ एवं चिर ऋणी रहेगा।

बिहार विधान परिषद् में क्यू.आर.एम.एस. (Question Reply Management System) की शुरुआत हो गई है। वर्तमान सत्र में कुछ माननीय सदस्यों द्वारा ऑनलाइन प्रश्न जमा किए गए हैं, इसके लिए उन्हें मेरी ओर से विशेष धन्यवाद।

विगत 6 फरवरी को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बिहार विधान मंडल के नवनिर्मित विस्तारित भवन में स्थित भव्य 'सेंट्रल हॉल' का उद्घाटन किया गया, जो संसद भवन के सेंट्रल हॉल की तर्ज पर बनाया गया है। यह एक ऐतिहासिक पहल है। इससे बिहार के संसदीय इतिहास में गौरवपूर्ण नये अध्याय की शुरुआत हुई है। प्रदेश के लिए यह एक नई सौगात है।

मैं अपनी ओर से एवं सदन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार जी को इन उपलब्धियों की बावत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की आशा रखता हूं।

अंत में, मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं। धन्यवाद ।

(माननीय सदस्यों ने मेजें थपथपाकर स्वागत किया।)

## 2. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा विधान सभा एवं विधान परिषद् की संयुक्त बैठक एवं महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संबंध में घोषणा

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि आज विधान सभा और विधान परिषद् की संयुक्त बैठक में 11.30 पूर्वाह्न महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा। इसके लिए 11.20 पूर्वाह्न तक बिहार विधान मंडल विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में माननीय सदस्यों को जाना है।

अत: आपलोगों से अनुरोध है कि उक्त समय से कुछ पूर्व ही वहां जाकर अपना स्थान ग्रहण कर लें।

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के पश्चात् सभी माननीय सदस्य यहां आएंगे, फिर आज की कार्यसूची के अनुसार परिषद् की कार्यवाही चलेगी। एक नया सौगात, एक नई शुरुआत आज बिहार में हुई है। हम सभी आज उसके आज गवाह बनेंगे। मैं इसके लिए आप सभी को मुबारकबाद और बधाई देता हूं। अब हमलोग सेन्ट्रल हॉल में जाने के लिए प्रस्थान करें।

तदुपरांत परिषद् के माननीय सदस्यगण ने विधान सभा वेश्म के लिए प्रस्थान किया।

**(अंतराल)**

(महामहिम राज्यपाल महोदय के संयुक्त अभिभाषण के पश्चात्<br>माननीय सदस्यगण पुन: परिषद् वेश्म में समवेत हुए)

### 3. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण की प्रति का सदन की मेज पर रखा जाना, धन्यवाद का प्रस्ताव रखा जाना एवं उसपर वाद-विवाद हेतु समय का आवंटन

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन नियमावली के नियम 17(3) के अधीन बिहार विधान मंडल के संयुक्त अधिवेशन में आज दिनांक 11.2.2019 को महामहिम राज्यपाल द्वारा दिए गए अभिभाषण की प्रति सदन की मेज पर रखते हुए सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर माननीय सदस्य, श्री अशोक चौधरी धन्यवाद का प्रस्ताव रखेंगे, जिसका माननीय सदस्य, श्री कृष्ण कुमार सिंह अनुमोदन करेंगे।

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सदन को यह भी सूचित करने की कृपा की कि माननीय सदस्य, श्री अशोक चौधरी द्वारा रखे गए धन्यवाद प्रस्ताव पर आज ही 4.00 अपराह्न तक संशोधन लिये जाएंगे, जिसपर औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 12.2.2019 एवं 13.2.2019 को वाद-विवाद होगा एवं दिनांक 13.2.2019 को ही उसपर सरकार का उत्तर होगा।

### 4. माननीय कार्यकारी सभापति महोदय द्वारा 191वें सत्र के लिए अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 10 के अंतर्गत बिहार विधान परिषद् के 191वें सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को अध्यासीन सदस्य मनोनीत करने की घोषणा की-

1. श्री केदारनाथ पाण्डेय
2. डा. रामवचन राय
3. प्रो. नवल किशोर यादव
4. श्री दिलीप कुमार चौधरी

### 5. वित्तीय वर्ष 2018-19 के आर्थिक सर्वेक्षण की एक प्रति सदन की मेज पर रखा जाना

माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के आर्थिक सर्वेक्षण की एक प्रति सदन की मेज पर रखी गई।

**6. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया जाना**

बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-17(4) के अधीन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर माननीय सदस्य, श्री अशोक चौधरी ने धन्यवाद का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन माननीय सदस्य, श्री कृष्ण कुमार सिंह ने किया।

**7. शोक-प्रकाश**

1. स्वर्गीय डा. सूरज नंदन प्रसाद
2. स्वर्गीय सैयद खुर्शीद मोहम्मद मोहसिन
3. स्वर्गीय यूनुस लोहिया
4. स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस
5. स्वर्गीय मौलाना मोहम्मद असरारूल हक
6. स्वर्गीय कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद
7. स्वर्गीय सीताराम सिंह
8. स्वर्गीय राम श्रेष्ठ खिरहर
9. स्वर्गीय बसन्त सिंह
10. स्वर्गीय नरदेव प्रसाद
11. स्वर्गीय सच्चिदानंद सिंह
12. स्वर्गीय राम बहादुर आजाद
13. स्वर्गीय अनंत प्रसाद सिंह
14. स्वर्गीय पीर मोहम्मद अंसारी
15. स्वर्गीय मौलाना मोहम्मद कासिम
16. स्वर्गीया कृष्णा सोबती
17. हाजीपुर रेल दुर्घटना
18. स्वर्गीया अन्नपूर्णा देवी

तदुपरांत माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने इन दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी ओर से एवं सदन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

(तत्पश्चात् दिवंगत आत्माओं की चिर-शांति हेतु सदन में
एक मिनट मौन खड़े रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गई)

तत्पश्चात् माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सचिव को यह निदेश देने की कृपा की कि शोक-प्रकाश की प्रति शोक-संतप्त परिवारों को भेज दी जाए।

धन्यवाद ।

## 8. आसन की घोषणा एवं माननीय सदस्यों से अनुरोध

आसन से माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सदन को सूचित किया कि आज 2.00 अपराह्न विधान परिषद् सभागार में गांधी से संबंधित विचारों पर एक महत्वपूर्ण लेक्चर है जिसमें बाहर से आए हुए चार अतिथि हैं। मैं आपलोगों से अनुरोध करता हूं कि आप अपनी गरिमामय उपस्थिति वहां दर्ज करेंगे और उस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, उससे कुछ सीखने को मिलेगा।

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक मंगलवार, दिनांक 12.2.2019 को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई।**

11/02/2019

**(सुधीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक- 262 (3)/बि.प. पटना, दिनांक 11.2.2019

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/ माननीय महाधिवक्ता, बिहार/ माननीय लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, जनसंपर्क एवं सूचना विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रमोद कुमार
11-02-2019

**(प्रमोद कुमार)**
वरीय प्रतिवेदक
बिहार विधान परिषद्